## न्यूज ब्रीफ

### लोडर चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** बिचौलिया निवासी एक व्यक्ति ने गत 31 मार्च सुबह उसके भाई की बाइक में लोडर चालक द्वारा टक्कर मारकर उसे घायल कर दिए जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। बिचौलिया मजरा डूड़ामहुआ निवासी शिवराज सिंह ने पुलिस को बताया की गत 31 मार्च सुबह 10 बजे उसका भाई नारायण सिंह अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान लोडर चालक ने भाई की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया तब वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया है। थाना प्रभारी एस एन सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

### मृतका के भाई ने लिखाई आत्महत्या के दुष्प्रेरण की रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** हिलालपुर पिहानी थाना अरौल जनपद कानपुर नगर निवासी चंदन कश्यप पुत्र शिवानंद ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन का विवाह गुंदैला निवासी सुरेंद्र पुत्र दयाराम के साथ हुआ था। गत दिनों बहन की संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गई। उसकी बहन के पति सुरेंद्र, सास मुन्नी देवी, ससुर दयाराम, देवर रविंद्र ननद रजनी व वीरेंद्र यादव पुत्र राम भजन आदि उसे बहुत प्रताड़ित करते थे जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। इस पर उसने अपने बहनोई सुरेंद्र, उनके पिता दयाराम, मां मुन्नी देवी, भाई रविंद्र, बहन रजनी व वीरेंद्र यादव पुत्र रामभजन यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट आत्महत्या दुष्प्रेरण आदि धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

### मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज

**रसूलाबाद।** नौहा नौगांव निवासी एक महिला ने गांव के ही तीन लोगों के विरुद्ध उसे अपशब्द कहने, विरोध करने पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। नौहा नौगांव निवासी रामदेवी पत्नी स्वर्गीय राम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि गत 12 अप्रैल को गांव के ही जयप्रकाश, उनके पिता राधेश्याम व पत्नी संगीता ने उसे अपशब्द कहे। जब उसने इसका विरोध किया तो इन लोगों ने मिलकर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस पर वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आई है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले के रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मोटर साइकिल की टक्कर से बच्चा घायल, हालत नाजुक

**रसूलाबाद :** पहाड़ीपुर गांव में रतनपुर रोड पर सड़क के किनारे खेल रहे एक बच्चे के तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। स्वजन उसे तत्काल सीएचसी रसूलाबाद ले गए जहां उसकी गंभीर दशा के चलते हैं उसे हैलट कानपुर रेफर किया गया है। पहाड़ीपुर निवासी सरजीत विश्वास ने बताया कि उनका बच्चा पीयूष रतनपुर रोड पर कृष्ण मंदिर के निकट सड़क किनारे खेल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा ।पीयूष के चेहरे और मुंह पर गंभीर चोटें आईं हैं। इस पर वह उसे तत्काल सीएचसी रसूलाबाद ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसकी गंभीर दशा के चलते उसे हैलट कानपुर रेफर किया है।

### यातायात नियमों की जांच के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

**रसूलाबाद :** शहबाजपुर नहर पुल पर तिश्ती चौकी प्रभारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान किए गए। चौकी प्रभारी बृजेश कुमार ने चेकिंग के दौरान विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट के चल रहे डंपर, ट्रक और बसों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने इन भारी वाहनों को रोककर उनके नंबर प्लेट, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। साथ ही, बाइक चालकों को हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सख्त हिदायत दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटकर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। स्थानीय नागरिकों ने बिना नंबर प्लेट और तेज रफ्तार से सुबह शाम तेज गति से दौड़ने वाले भारी वाहनों व दूध डेयरी की गाड़ियों पर भी कार्रवाई की मांग की।

# बिजली घर पहुंचीं महिलाएं, स्मार्ट मीटर को लेकर जताया रोष

संवाददाता , रनियां



उपभोक्ताओं की समस्या सुनते अधिकारी। अमृत विचार



स्मार्ट मीटर को लेकर आंदोलन करती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर पंचायत रनियां के विद्युत वितरण खंड कार्यालय में गुरुवार को स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने बिजली घर पहुंचकर समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और नाराजगी जताई।

जिन घरों में बिजली के पुराने मीटर लगे थे, उसमें जो बिल बनता था उसे अगले महीने जमा करना होता था, पैसों की तंगी के चलते तमाम उपभोक्ता एक-दो महीने बाद भी जमा कर सकते थे, लेकिन सरकार के आदेश पर जब से बिजली विभाग घर-घर स्मार्ट मीटर लोगों के घरों के बाहर लगा रहा है उसमें काफी दिक्कतें आ रही हैं। चिराना निवासी कमलेश कुमारी बिजली घर पहुंची, उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद पहले से अधिक बिल आ रहा है। रनियां निवासी अंजू का कहना है कि स्मार्ट मीटर सर दर्द बन गया है। एडवांस रुपये जमा करना पड़ता है। चिराना निवासी रूबी मिश्रा ने कहा कि मीटर हटवाया जाए, नहीं तो बिल जमा नहीं कर पाएंगे।जीतू यादव, दीपक आदि ने समस्याएं बताईं। एक्सईएन पुष्प देव ने बताया लोग स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली समझ नहीं पा रहे हैं। पुराने बकाया का एक हिस्सा वर्तमान बिल के साथ समायोजित हो जाता है, बैलेंस कटने की स्थिति दिखाई दे सकती है।

### शिवली में भी स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदर्शन

**शिवली :** विद्युत विभाग द्वारा लगवाए गए स्मार्ट मीटरों ने शिवली के उपभोक्ताओं की रातों की नींद हराम करदी है। उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन चुके है। कस्बा शिवली में स्मार्ट विद्युत मीटर लगने के बाद बिना सूचना के किसी भी समय विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने से परेशान महिलाओं ने गांधीनगर चौराहे पर एकत्रित होकर विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्मार्ट मीटर की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं ने प्रीपेड की व्यवस्था समाप्त कर पोस्टपेड व्यवस्था लागू कराए जाने की विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है। कुछ समय पूर्व शिवली कस्बा समेत आसपास क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा लगवाए गए स्मार्ट मीटर आम उपभोक्ता की जेब पर डाका डालने के साथ-साथ रातों की नींद एवं दिन का चैन हराम कर रहे हैं। नगर पंचायत शिवली में विद्युत विभाग द्वारा लगवाए गए स्मार्ट मीटरों की समस्या से आम उपभोक्ता खासा परेशान नजर आ रहे है। उपभोक्ता विपिन गुप्ता, ऋतिक कश्यप, गुल्लू कश्यप, विजय, गोरेलाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर हर तरफ हाय तौबा मची हुई है। आरोप है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था गरीब और मजदूर वर्ग के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है रिचार्ज खत्म होते ही बिजली कट जाती है जिससे बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार रिचार्ज करने के बावजूद तकनीकी खराबी के कारण बैलेंस माइंस में ही बना रहता है। अवर अभियंता राकेश राय ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या पर ध्यान दिया जा रहा है जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# आमने-सामने टकराए बोलेरो व ई-रिक्शा, रिक्शा चालक की मौत

## रसूलाबाद-बिल्हौर रोड पर हुआ हादसा, आधा दर्जन लोग घायल, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रसूलाबाद बिल्हौर रोड पर असालतगंज के समीप एक बोलेरो और ई-रिक्शा में बुधवार को टक्कर हो गई। इसमें लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी रसूलाबाद ले जाया गया है। इनमें कुछ की दशा गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई।



रमजान।

बुधवार रात लगभग 10 बजे रसूलाबाद बिल्हौर रोड पर असालतगंज चौराहे के समीप रसूलाबाद से ककवन की ओर शादी समारोह में जा रही एक बोलेरो व दूसरी ओर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गेस्ट हाउस जा रहे एक ई-रिक्शा की आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार यात्री चालक रमजान अली 50वर्ष निवासी पहाड़ीपुर रसूलाबाद, इमौली अरौल कानपुर नगर निवासी अर्जुन 60 वर्ष पुत्र ठाकुर प्रसाद, भवानीपुर कन्नौज निवासी जयपाल 45 वर्ष पुत्र श्रीमूर्ति, सिमौली मकनपुर कानपुर नगर निवासी अरुण कुमार 50 वर्ष पुत्र रजभान, ऋषभ 30 वर्ष व शालू 45 वर्ष घायल होकर सड़क पर गिर गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस घायलों को तुरंत सीएचसी रसूलाबाद में भर्ती कराया। वहां मौजूद डॉक्टर शैलेंद्र यादव ने उन सभी का प्राथमिक उपचार कर उनकी गंभीर दशा के चलते उन्हें हैलट कानपुर-जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। ई रिक्शा चालक रमजान अली 50 वर्ष पुत्र नत्थू अली के स्वजन शहंशाह ने बताया कि गुरुवार सुबह उपचार के दौरान रमजान अली ने हैलट कानपुर में दम तोड़ दिया। वहां पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लाया गया है। इस पर उनके परिवार में कोहराम मच गया। उनकी असामयिक मौत पर उनकी मां खातून, पिता नत्थूअली पत्नी सलमा बेगम उर्फ रन्नो, पुत्रियां चंदा, जोया व अंजुम एवं पुत्र वारिस का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कंटेनर के नीचे घुसा बाइक सवार, हालत गंभीर

**रनियां।** रनियां थाना क्षेत्र के मंटोरा चौराहे के पास एक बाइक सावर अचानक कंटेनर के नीचे घुस गया। इससे बाइक सावर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉक्टर ने हालात नाजुक देख कानपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने युवक को कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। गजनेर थाना के चितरिया गांव निवासी अनिल सिंह भदौरिया 29 वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह गुरुवार को अपनी बहन रूबी सिंह के यहां जा रहा था। अनिल के चाचा हुकुम सिंह ने बताया कि अनिल की बहन का करही कानपुर में मकान में बन रहा था। उसी को देखने जा रहा था। तभी रनियां थाना के आगे पहुंचते ही हाईवे पर खड़े कंटेनर के नीचे बाइक अचानक घुस गई। इससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को कंटेनर के नीचे से बाहर निकाला। इसके बाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख कानपुर रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया है। बाइक को रनियां थाने में खड़ा करा दिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### गृह कलह में एक महिला ने लगाई फांसी दूसरी ने खाया जहर

**राजपुरः** राजपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में महिलाओं ने खुदकुशी की कोशिश की। ऐन वक्त पर जानकारी मिलने के बाद दोनों को समय रहते अस्पताल ले जाया गया। क्षेत्र के दमनपुर गांव निवासी रूप रानी (45) पत्नी बलदेव सिंह ने गृह कलह से तंग आकर वृहस्पतिवार को कमरे कमरें की छत में लगे लोहे के कुंडें साड़ी से फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई। महिला की बहू ने कमरें का दरवाजा बंद देख वह कमरें में लगा जिंगला से झाका तो वह सन्न रह गई। शोर मचाने पर परोसी दौड़ पड़े। ग्रामीणों की मदद से जिंगला तोड़कर महिला को गंभीर हालत में फांसी से नीचे उतारा गया। परिजनों ने महिला को गम्भीर हालत में स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टर धुरव सिंह ने महिला को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी तरह, राजपुर थाना क्षेत्र के ही बदनपुर गांव में बुधवार की देर रात एक महिला ने पति से झगड़ने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी देख परिजनों ने उसे राजपुर स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया।

# छात्रा को ले जाने के दो दोषियों को 6 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



**अमृत विचारः** मंगलपुर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी छात्रा को स्कूल जाते समय उसे बहलाकर ले जाने में सहयोगी बने आरोपी पति पत्नी को अदालत ने दोषी करार देते हुए उन्हें छह-छह साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक पर छह-छह हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलपुर क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी 28 जुलाई 2012 की सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी। उसी दौरान उसी मोहल्ला में अपने बहनोई के यहां रहने वाला युवक सुनील उर्फ पुत्तन उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। शाम तक किशोरी के घर वापस न आने पर पीड़िता किशोरी के पिता ने सुनील उर्फ पुत्तन के साथ ही उसके बहन बहनोई पप्पी व राजेन्द्र के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था।मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए किशोरी की तलाश कर आरोपी सुनील उर्फ पुत्तन को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही उसके खिलाफ आरोपपत्र अदालत में पेश किए थे। इसके साथ ही राजेंद्र और पप्पी का नाम हटा दिया था। मामले की सुनवाई दौरान अदालत ने आरोपी राजेन्द्र व उसकी पत्नी पप्पी को घटना में सहभागी होने के साक्ष्यों के आधार पर उन्हें 27 जनवरी 2015 को तलब कर उसकी पत्रावली अलग कर दी इसके बाद आरोपी सुनील उर्फ पुत्तन के मामले की सुनवाई करते हुए 28 जनवरी 2017 को उसे दोषी ठहराते हुए उसे दस साल के कारावास की सजा सुनाई थी। आरोपी राजेन्द्र व पप्पी के मामले की सुनवाई शुरू होने के बाद गुरुवार को अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें छह छह साल के कारावास की सजा सुनाई इसके साथ ही प्रत्येक पर छह छह हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

### ईको पार्क में नारी शक्ति का वंदन



गुरुवार को माती के ईको पार्क में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन हुआ। इसमें राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता और एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहीं। महिलाओं का जोश, उत्साह और भागीदारी देखते ही बनी। यहां कार्यक्रम से पूर्व माती चौराहे से ईको पार्क तक विशाल पदयात्रा भी निकली। महिलाओं ने हाथों में नारी का सम्मान, देश का स्वाभिमान और "सशक्त नारी, सशक्त भारत" जैसे स्लोगनों से लिखीं तख्तियां ले रखी थीं। संबोधन में राज्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी तो लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रतिनिधित्व में अभी भी असंतुलन है। नया कानून इसे दूर करेगा। जनगणना के बाद नए अधिनियम को लागू किया जाएगा और वर्ष 2029 के लोस चुनाव तक प्रभावी हो जाएगा। अमृत विचार

### दिव्यांग जनों को परोसा स्वल्पाहार

**कानपुर देहात।** सीएमओ ऑफिस में आयोजित होने वाले दिव्यांग कैंप में आए हुए दिव्यांगजनों हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से नि:शुल्क भोजन व्यवस्था का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ एके सिंह के दिशा निर्देशन एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसएल वर्मा के मार्गदर्शन में डॉ. यतेंद्र शर्मा एवं राजेंद्र सिंह, जिला डाटा मैनेजर द्वारा दिव्यांग कैंप में दिव्यांग जनों को आदर सहित पौष्टिक तहरी एवं लड्डू परोस करके उपरोक्त पुनीत कार्य का शुभारंभ किया गया।

### सेवा भारती के शिविर का हुआ शुभारंभ

**रसूलाबाद :** नर सेवा नारायण सेवा ही सेवा भारती का मूल मंत्र है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही उसका मुख्य लक्ष्य है सामाजिक समरसता के भाव को मजबूत करना आवश्यक है।

यह बात असालतगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सेवा भारती द्वारा एक सेवा शिविर के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा सह जिला आईटी सेल संयोजक यश अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता के भाव को मजबूत करना आवश्यक है। जबकि आरएसएस सह जिला कार्यवाह अनिरुद्ध ने ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाने और इनके माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दिए जाने की बात कही।

कानपुर प्रांत के तत्वावधान में खण्ड-रसूलाबाद द्वारा आयोजित इस शिविर का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया।

# शिकायत पर हुई जांच, सील किया गया झोलाछाप का दवाखाना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



जांच को पहुंची स्वास्थ्य टीम ने की कार्रवाई। अमृत विचार

- 11 अप्रैल को गलत इलाज से हुई थी बुखार पीड़ित वृद्ध की मौत

**अमृत विचारः** शिवली क्षेत्र के बड़ागांव औनहां में झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से हुई वृद्ध की मौत के मामले में स्वास्थ टीम ने जांच की। घर पर चल रही झोलाछाप चिकित्सक की क्लीनिक को सील कर दिया गया है। दवाखाने पर नोटिस चस्पा की गई है। उससे दो दिनों में उपचार संबन्धी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है।

बड़ा गांव औनहां निवासी दयानंद मिश्रा अपनी पत्नी सुधा मिश्रा पुत्र बलराम, राम जी तथा पुत्री रंजू के साथ अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में पिछले 25 साल से रह रहे थे। उनकी खेती-बारी पैत्रक गांव में ही है। इसी सिलसिले में 11 अप्रैल को वह बड़ागांव गए थे। वहां उन्हें बुखार आया। तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने गांव के झोलाछाप डाक्टर दिनेश के क्लीनिक पर अपना उपचार कराया। इलाज के बाद उनकी हालत सुधरने की जगह और बिगड़ गई। जानकारी मिलने पर पुत्र बलराम और रामजी मौके पर पहुंचे। उन्हें जिला चिकित्सालय लाए मगर तब तक वृद्ध पिता की मौत हो चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज से उनके पिता की हालत बिगड़ी थी और उनकी मौत हुई है। प्रकरण की शिकायत शासन में की गई। इस पर जांच चालू हुई। नोडल अधिकारी-एडिशनल सीएमओ डॉ एसएल वर्मा ने मैथा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सिद्धार्थ पाठक, सौरभ अवस्थी, गजेन्द्र सिंह व पुलिस फोर्स के साथ औनहां गांव पहुंचे। टीम को देख झोलाछाप फरार हो गया। टीम ने घर पर चलाए जा रहे क्लीनिक को सील कर दिया है। कथित दवाखाने पर नोटिस चस्पा कर दी गई है।

### अन्ना मवेशियों से फसलों को बचाने की गुहार, सौंपा ज्ञापन

**रसूलाबादः** विकासखंड परिसर में भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के उपरांत उन लोगों ने एक चार सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को दिया। बैठक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तहसील अध्यक्ष पीयूष निकेतन कठेरिया ने बीडीओ विपुल विक्रम सिंह को किसानों की चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही मित्रसेन, कहिजरी, भगवंतपुर स्थित गौशालाओं को धान की रोपाई से पहले पुनः संचालित किए जाने की मांग की गई। आवारा गोवंशों से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इस अवसर पर राधेश्याम, बनवारी लाल, सोनी देवी, गौतम कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# माती जजी हुई हाईटेक, ई-सेवा केंद्र से घर बैठे ले सकेंगे जानकारी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



जनपद न्यायाधीश की उपस्थिति में शुरू हुई ई-सेवा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** माती कचहरी का काम-काज जल्द हाईटेक होगा। गुरुवार को इसकी शुरुआत हुई। जनपद न्यायालय में ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जनपदीय न्यायाधीश रविंद्र सिंह ने विधिवत फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। माना जा रहा कि डिजिटल सुविधाओं से आगे न्याय और भी सुलभ होगा।

उद्घाटन समारोह में जनपद न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने कहा कि तकनीक का उपयोग न्याय प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए अनिवार्य है। ई-सेवा केंद्र के माध्यम से अब वादकारियों को केस की स्थिति, अगली सुनवाई की तिथि और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र न्यायपालिका और आम जनता के बीच की दूरी को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट रूप में उपस्थित जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने अपने संदेश में कहा कि न्यायालय परिसर में ई-सेवा केंद्र की स्थापना एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल वादकारियों को सुविधा होगी, बल्कि अधिवक्ताओं के कार्य निष्पादन में भी तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि बार और बेंच के सहयोग से हम न्याय के सरलीकरण की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर जिला जज शरद त्रिपाठी, पूनम सिंह, सुरेन्द्र कुमार, हिमांशु कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रणविजय सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकुर सिंह सोलंकी एवं अधिवक्ताओं में जिला बार एसोसिएशन महामंत्री नरेन्द्र सिंह सेंगर, एकीकृत बार अध्यक्ष राजपाल यादव, जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव, संयुक्त मंत्री जयगोपाल राजपूत एवं प्रमोद नायक शैलेन्द्र तिवारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक | सीडीओ की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

# ज्यादा से ज्यादा कराएं फॉर्मर रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



अलग-अलग विभागों के अफसरों संग सीडीओ ने की बैठक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में गुरुवार को सीडीओ विधान जायसवाल की अध्यक्षता में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आवास, फैमिली आईडी, किसान रजिस्ट्री तथा मनरेगा जॉब कार्ड के संबंध में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित करने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसान रजिस्ट्री के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराया जाए, जिससे शासन द्वारा संचालित कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच सके। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र परिवारों के जॉब कार्ड तत्काल बनाए जाने तथा मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें तथा नियमित मॉनिटरिंग करते रहें।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **बैडमिंटन :** बार एवं बेंच के मध्य आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट, ग्रीन पार्क, सुबह 10 :00 बजे से
- **ज्ञापन :** परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश के सम्बंध में समाजवादी युवजन सभा का डीएम को ज्ञापन, कलेक्ट्रेट सुबह 11 :30 बजे।
- **शोभायात्रा :** रामनवमी यात्रा, हनुमान मंदिर टेम्पो स्टैंड सनिगवां, शाम 4 बजे। बैठक : शाम 5 :30 बजे कैंट बोर्ड की मीटिंग छावनी परिषद् मुख्यालय।

## सिटी ब्रीफ

### आज आएंगे डिप्टी सीएम पाठक

**कानपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार शाम 3 :30 बजे कानपुर पहुंचेंगे। वे नवाबगंज स्थित डीडीयू विद्यालय में भाजपा के नारीशक्ति वंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। डिप्टी सीएम करीब 40 मिनट तक शहर में रहेंगे। शाम 4 :40 बजे वे लखनऊ के लिए लौट जाएंगे।

### आधा दर्जन क्षेत्रों में नहीं रही बिजली

**कानपुर।** दबौली उपकेंद्र के रतनलाल, गोपाला व एचआईजी पार्क की बिजली पॉवर ट्रांसफार्मर में गुरुवार को तकनीकी समस्या आने की वजह से शाम को चार बजे से छह बजे तक गुल रही। शास्त्री नगर में दोपहर साढ़े 12 बजे बिजली 11केवी एचटी लाइन डालने की वजह शाम को साढ़े चार बजे तक गुल रही। चकेरी मोड में बिजली दोपहर 12 बजे से शाम को चार बजे तक, हर्ष नगर व अशोक नगर में दोपहर 12 बजे से शाम को पांच बजे तक नहीं रही।

### यहां आज नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** शुक्रवार को योगेंद्र विहार, नारायणपुरी, दुर्गा नगर, बंसी विहार, अर्रा रोड व खाड़ेपुर गांव में बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक और पीरोड, आचार्य नगर, जीटीरोड, भन्नानापुरवा व लेनिन पार्क में बिजली सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक नहीं रहेगी। निराला नगर व टेलीफोन एक्सचेंज में सुबह साढ़े 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक, विजय नगर में सुबह 10 बजे से शाम को चार बजे तक और बनियापुरवा में दोपहर 12 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक बिजली गुल रहेगी।

# आईआईटी में इसी साल बनकर तैयार हो जाएगा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

## गंगवाल मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत 500 बेड के अस्पताल की बिल्डिंग नवंबर तक होगी पूरी

**खुशखबरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में गंगवाल मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत 500 बेड के यदुपति सिंघानिया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की बिल्डिंग नवंबर माह तक पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद मशीनों की स्थापना, लैब उपकरण तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती होते ही अस्पताल का संचालन शुरू करने की तैयारी है। फिलहाल अस्पताल का संचालन थर्ड पार्टी द्वारा किया जाएगा। चिकित्सा, इंजीनियरिंग तथा उद्यमिता के समन्वय के रूप में डिजाइन किया गया गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी देश में पहला ऐसा संस्थान होगा जो इंजीनियरिंग को चिकित्सा शिक्षा के साथ एकीकृत करेगा। इसमें उन्नत अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित होंगे।

गंगवाल मेडिकल स्कूल का निर्माण आईआईटी परिसर में 30 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है। 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के साथ 200 बेड का कैंसर देखभाल केंद्र होगा। अस्पताल में ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसे विभाग होंगे, जबकि उत्कृष्टता केंद्र में टेलीमेडिसिन और रोबोटिक्स के अलावा रोग निवारण में एआई का इस्तेमाल, हृदय एवं फुफ्फुसीय रोग अनुसंधान, कैंसर अनुसंधान, अस्थिविज्ञान एवं कृत्रिम अंग, तंत्रिका विज्ञान, तंत्रिका प्रौद्योगिकी और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषय शामिल रहेंगे।

गंगवाल मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी स्कूल की स्थापना आईआईटी ने चिकित्सा विज्ञान में प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का बेहतर उपयोग करने के लिए की है, जिसका उद्देश्य इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के जरिये मानव जीव विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में वैश्विक संस्थान बनाना है। यह स्कूल किफायती उपकरणों और प्रौद्योगिकी को विकसित करने के साथ चिकित्सा पेशेवरों को प्रशिक्षित करने और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए इंजीनियरिंग आधारित समाधान प्रस्तुत करेगा। स्कूल ऐसे चिकित्सक-नवप्रवर्तकों को तैयार करेगा जो चिकित्सा को प्रौद्योगिकी से जोड़ सकेंगे। इसके लिए डीएम और एमसीएच जैसे उन्नत स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में मेडिकल काउंसिल से मंजूरी लेने की प्रक्रिया की जा रही है। हेल्थकेयर मैनेजमेंट पर स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम शुरू करने के लिए आईआईएम लखनऊ के साथ समझौता ज्ञापन पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं।




**30** एकड़ भूमि पर किया जा रहा है आईआईटी परिसर में गंगवाल मेडिकल स्कूल का निर्माण

- देश में पहला संस्थान जो प्रौद्योगिकी को चिकित्सा शिक्षा के साथ एकीकृत करेगा उन्नत अनुसंधान व विकास उत्कृष्टता केंद्र भी होंगे
- अत्याधुनिक अस्पताल को उद्यमिता के समन्वय के रूप में डिजाइन किया गया है, अस्पताल के साथ 200 बेड का कैंसर देखभाल केंद्र भी होगा इसमें

> गंगवाल मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के तहत 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के भवन का फिनिशिंग कार्य चल रहा है, नवंबर माह तक भवन संचालन के लिए तैयार हो जाएगा। वर्तमान में चिकित्सा क्षेत्र काफी जटिल हो गया है। स्वास्थ्य सेवा और मानव कल्याण के लिए नई तकनीक, विज्ञान, इंजीनियरिंग और मानविकी के बीच समन्वय जरूरी है। आज डॉक्टरों को डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म, टेलीसर्जरी और मेडिकल रोबोटिक्स से भी परिचित होना चाहिए। इन मायनों में यह अनोखा मॉडल होगा। उत्कृष्टता अनुसंधान एवं विकास केंद्र में आईआईटी की फैकल्टी की विशेषज्ञता जुड़ने से संस्थान चिकित्सा प्रौद्योगिकी नवाचार का केंद्र बन जाएगा।
>
> -प्रो. संदीप वर्मा, प्रोफेसर-इन-चार्ज तथा विभागाध्यक्ष गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी, कानपुर

# आज से 10 दिन तक 50 मोहल्लों में पानी नहीं

- 18 अप्रैल से दक्षिण क्षेत्र के लोगों को झेलना पड़ेगा पानी का संकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आज से 10 दिन यानी 26 अप्रैल तक ग्वालटोली, परमट, सूटरगंज, चुन्नीगंज, सिविल लाइंस, फूलबाग, कुरसवां, पटकापुर, कमला टावर, कुरसवां, इटावा बाजार, परेड, नई सड़क, शिवाला, हटिया, नवीन मार्केट समेत करीब 50 मोहल्लों में पानी नहीं आएगा। इससे गर्मी के मौसम में हजारों लोगों को पानी का संकट झेलना होगा।

गंगा बैराज से फूलबाग और रावतपुर होते हुए शास्त्री चौक तक जल निगम ने 15वें वित्त आयोग में जो मुख्य पाइप लाइन डाली थी, जल निगम के मुताबिक वह घटिया होने के कारण फेल हो गई है। गंगा बैराज से पानी की सप्लाई प्रेशर से नहीं हो पा रही थी। इसलिए 15 किलोमीटर तक घटिया मुख्य पाइप लाइन को बदलकर नई पाइपलाइन डाली जाएगी, जिसको गंगा बैराज से मैकराबर्टगंज ढाल और चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन के पास जोड़ा जाएगा।

उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशाषी अभियंता प्रवीण यादव के मुताबिक नई 1500/1400/1200 एमएम की पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत मैकराबर्टगंज ढाल व चुन्नीगज मेट्रो स्टेशन के पास नई लाइन से इंटर कनेक्शन का कार्य कराया जाना है, जो 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान गंगा बैराज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कंपनी बाग से फूलबाग की ओर जाने वाली मुख्य पाइपलाइन बंद रहेगी। वहीं, पूरी कोशिश रहेगी कि कार्य जल्द से जल्द से पूरा हो। वहीं, इसके बाद कानपुर दक्षिण में इस नई मुख्य पाइपलाइन को जोड़ने का कार्य 18 अप्रैल से किया जाएगा, जो दो मई तक चलेगा।

इस बीच दक्षिण क्षेत्र के मछली मंडी, पराग डेयरी के सामने, दीप टॉकीज तिराहा, दक्षिण द्वार बारादेवी चौराहा, निराला नगर जेडपीएस के सामने पाइपलाइन को जोड़ने का काम किया जाएगा।

इस वजह से सीटीआई, गोविंद नगर, साकेत नगर, शास्त्री चौक, किदवई नगर, जूही, बर्रा और कर्रही क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं होगी, जिसकी वजह से करीब पांच लोगों को पानी संकट का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि कंपनीबाग से दादानगर क्षेत्र में इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। इस इलाके में सामान्य दिनों की तरह पानी आएगा।

# पीएनजी कनेक्शन देने वाली कंपनियां कॉल सेंटर बनाएं

- रूमा से फतेहपुर तक 7667 पीएनजी के कनेक्शन
- रामादेवी से कल्याणपुर तक 1.31 लाख घरेलू कनेक्शन

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हाल ही के दिनों में युद्ध के दौरान हुई एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत ने पीएनजी को बढ़ावा दिया है। जगह-जगह हुए प्रदर्शनों व उद्यमियों के साथ डीएम की बैठक में पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने का मुद्दा उठा। जिस पर डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों व वितरण कंपनियों की बैठक कराने के निर्देश दिए थे। बता दें गैस की किल्लत से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ उद्यमियों को अच्छा-खासा नुकसान सहना पड़ा। जिससे शहर की अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुंची।

गुरुवार को पीएनजी गैस कनेक्शनों के विस्तार को लेकर अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कंपनियों ने पाइपलाइन विस्तार और कनेक्शन वितरण के बारे में रिपोर्ट दी। सीयूजीएल के सीनियर मैनेजर ने बताया कि रामादेवी से कल्याणपुर तक नेटवर्क स्थापित है और 1.31 लाख घरेलू, 460 वाणिज्यिक व 152 औद्योगिक कनेक्शन दिए जा चुके हैं।हर सप्ताह 350-400 घरेलू कनेक्शन दिए जा रहे हैं।



बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

वहीं आईजीएल के प्रतिनिधि ने बताया कि रूमा से फतेहपुर तक पाइपलाइन बिछाई गई है और 7667 घरेलू सहित कुल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि वाणिज्यिक कनेक्शन के लिए 3000 रुपये शुल्क निर्धारित है और आवेदन ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं।

पाइपलाइन उपलब्ध होने पर 10 दिन और अन्यथा 30-45 दिन में कनेक्शन दिए जाते हैं। अधिकारियों ने होटल, रेस्टोरेंट व बैंक्वेट हॉल संचालकों को पीएनजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कंपनियों को कॉल सेंटर स्थापित करने, स्टाफ बढ़ाने और आवेदन का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने संचालकों से संभावित उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर कंपनियों को उपलब्ध कराने तथा समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति), जिला पूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी, पीएनजी कंपनियों के प्रतिनिधि, गैस डिस्ट्रीब्यूटर, व्यापार मंडल पदाधिकारी एवं होटल-बैंक्वेट संचालक मौजूद रहे।

# नगर निगम में मारपीट, दो कर्मी निलंबित

**कानपुर।** नगर निगम मुख्यालय स्थित नागरिक सुविधा केंद्र, जोन-2 में कार्यालय में कार्यरत दो कर्मियों के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर आपसी गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद मामला नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने संज्ञान लिया। उन्होंने गुरुवार को दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया।

नगर निगम मुख्यालय स्थित नागरिक सुविधा केंद्र, जोन-2 के परियोजना विभाग में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक सूरज कुमार और जोनल कार्यालय जोन-2 के चपरासी नरेंद्र कुमार के बीच रुपये के लेन-देन को लेकर आपस में काफी गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई थी, जिससे कार्यालय के कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई। मारपीट का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, जो आग की तरह चारों तरफ फैल गया। वीडियो नगर आयुक्त तक पहुंचा और उन्होंने दोनों को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता, कदाचार सहन नहीं किया जाएगा। निष्पक्ष जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को जिम्मेदारी दी है।

# शॉर्ट सर्किट से बुटीक में आग लाखों का विदेशी कपड़ा राख

- गुरुवार तड़के हुआ हादसा, दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया
- जाजमऊ केडीए मदीना तिराहा के पास मचा हड़कंप, 20 लाख से ज्यादा का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ स्थित केडीए मदीना मस्जिद तिराहा के पास गुरुवार तड़के एक बुटीक सेंटर में आग लग गई। लपटें उठती देख इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस व दमकल की दो गाड़ियों मौके पर पहुंची। कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बुटीक में रखे कपड़े जल गए। बुटीक में कोरिया और चीन के विदेशी कपड़े भी थे, जो जलकर राख हो गए। दुकान मालिक के अनुसार करीब 20 लाख का कपड़ा जला है।

केडीए निवासी मोहम्मद यूसुफ का मदीना मस्जिद तिराहा के पास बुटीक सेंटर है। यूसुफ के अनुसार बुधवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसके बाद तड़के करीब पांच बजे दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में आग पूरी दुकान में फैल गई। दुकान से धुआं व लपटे उठती देखकर पड़ोसियों को फोन पर उन्हें आग की जानकारी दी। पड़ोसियों ने ही पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। यूसुफ जब दुकान पहुंचे तो अंदर से तेज़ी से धुआं निकल रहा था। जैसे ही उन्होंने शटर उठाकर कांच का गेट खोला, आग की लपटें अचानक तेज़ हो गईं। इसके बाद पुलिस और दमकल की दो गाड़ियों पहुंचीं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। यूसुफ के अनुसार आग से दुकान के अंदर रखा लगभग 20 लाख रुपये का माल जल गया है। उन्होंने बताया कि दुकान में सारा विदेशी कपड़ा था, जो कोरिया और चीन से आयात किया जाता था। इस कपड़े की प्रति मीटर कीमत 600 से 1800 रुपये तक होती है। मंगलवार को ही 2.5 लाख रुपये का माल आया था। जाजमऊ फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। फिलहाल आग बुझा दी गई है।



बुटीक सेंटर में आग बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

# साउथ के कई मार्गों पर 30 तक रहेगा डायवर्जन

- सीवर लाइन बिछाने के लिए यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमृत योजना 2.0 के तहत शहर में सीवर लाइन बिछाने के कार्य केलिए यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। यह डायवर्जन 30 अप्रैल तक लागू रहेगा। जिनमें कारगिल पेट्रोल पंप से सब्जी मंडी बर्रा-8 यादव होटल चौराहा की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इस मार्ग से जाने वाले वाहन अब बसंत पेट्रोल पंप से रामगोपाल चौराहा होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। इसी प्रकार, सब्जी मंडी बर्रा-8 यादव होटल चौराहा से कारगिल पेट्रोल पंप की ओर भी वाहनों का संचालन बंद रहेगा। इस दिशा में आने वाले वाहन यादव होटल चौराहा से दाएं अथवा बाएं मुड़कर वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करेंगे। ट्रैफिक विभाग ने बताया कि सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए यह डायवर्जन लागू किया गया है।



प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें और प्रतिबंधित मार्गों का उपयोग न करें। ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया गया है कि वे प्रमुख चौराहों पर तैनात रहकर यातायात को सुचारू बनाए रखें। किसी भी प्रकार समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम 9305104340 व ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9305104387 पर संपर्क करने को कहा गया है।

**नारी शक्ति** | सदनों में महिलाओं का एक तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होने से शहर की भी तस्वीर बदलना तय

# 16 महिलाएं विधायक बन चुकीं, अब हर बार चुनी जा सकती हैं चार

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए लाए जा रहे विधेयकों से सदनों में सीटें बढ़ने के साथ महिलाओं का एक तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होने से शहर की भी तस्वीर बदलना तय है, वर्ना अभी तक तो महिला सांसद और विधायक बनाने में हर राजनीतिक दल ने हद दर्जे की कंजूसी ही दिखाई है। आजादी के बाद से कानपुर में अब तक सिर्फ 2 महिलाएं सांसद और 16 विधायक बनी हैं। राज्यसभा और विधान परिषद तक केवल कांग्रेस की सुशीला रोहतगी ही पहुंच सकी थीं। लेकिन अब अनुमान है कि जिले से कम से कम तीन या चार महिला विधायक चुनी जा सकती हैं।

साल 1951 में पहले विधानसभा के चुनाव में कानपुर जिले से अकेली महिला विधायक के रूप में ब्रजरानी चुनी गई थीं। इसके बाद से अब तक सिर्फ 15 महिलाएं ही विधानसभा पहुंच सकी हैं । जिले की पहली सांसद सुशीला रोहतगी थीं, जो बिल्हौर से कांग्रेस टिकट पर चुनी गई थीं । इसके बाद 1989 में सुभाषिनी अली शहर से दूसरी महिला सांसद चुनी गईं। लेकिन इसके बाद किसी भी दल ने महिला को मौका ही नहीं दिया । जिले से एकलौती महिला सुशीला रोहतगी ही राज्यसभा पहुंच सकीं । विधान परिषद तक पहुंचने का सौभाग्य भी सिर्फ एक नेत्री सुशीला रोहतगी को ही मिला । यह पहली बार है, जब वर्तमान में कानपुर जिले की 10 में से तीन सीटों पर महिला विधायक हैं, लेकिन अलग-अलग दलों से हैं ।


**सुशीला रोहतगी हर सदन की सदस्य बनीं :** कांग्रेस की सुशीला रोहतगी एकमात्र ऐसी नेत्री रहीं, जो कानपुर से सभासद, विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा की सदस्य रहीं । वह प्रदेश और केंद्र में मंत्री भी रहीं, उनका रिकार्ड फिलहाल टूटना मुश्किल है ।

**दो महिला महापौर चुनी गई**

भाजपा के टिकट पर सरला सिंह जिले की पहली महापौर बनी थीं । इसके बाद भाजपा से ही प्रमिला पांडे महापौर चुनी गईं। वह दोबारा भी भारी बहुमत से जीत कर महापौर बनीं । जिला और नगर पंचायतों में कई महिलाएं चुनी जा चुकी हैं ।

### ... और इन्हें मिला मंत्री पद

- कांग्रेस से सुशीला रोहतगी केंद्र और प्रदेश में मंत्री रहीं। भाजपा की प्रेमलता कटियार भी प्रदेश में ताकतवर मंत्री रहीं। इसके बाद इनकी बेटी नीलिमा कटियार को भी मंत्री का दायित्व मिला। अरुणा कोरी और कमल रानी वरुण भी मंत्री बनी थीं।









- आजादी के बाद ऐसा पहली बार जब जिले में सबसे ज्यादा तीन महिला विधायकों का प्रतिनिधित्व

### महिला विधायकों की सूची

- 1951, 57 और 62 में बिल्हौर से ब्रजरानी, 1962 में कानपुर सिटी पंचम से सुशीला रोहतगी, 1962 में कानपुर सिटी प्रथम से तारा अग्रवाल, 1969 में कल्याणपुर से कृष्णा, 1977 में कल्याणपुर से पुष्पा तलवार, 1980 और 85 में सीसामऊ से कमला दरियावादी, 1980 में जनरलगंज से सुमनलता दीक्षित, 1989 में आर्यनगर से रेशमा आरिफ, 1991, 93, 96, 2002 और 2007 में कल्याणपुर से प्रेमलता कटियार। 2007 में चौबेपुर से प्रतिभा शुक्ला, 2012 में बिल्हौर से अरुणा कोरी, 2017 और 2022 में कल्याणपुर से नीलिमा कटियार, 2002 और 2007 में सरसौल से अरुणा तोमर, 2017 में घाटमपुर से कमल रानी वरुण। 2022 में घाटमपुर से सरोज कुरील व कल्याणपुर से नीलिमा कटियार के बाद 2025 उपचुनाव में सीसामऊ से नसीम सोलंकी।

### सदनों की बदल जाएगी तस्वीर

- कांग्रेस के बुजुर्ग नेता शंकरदत्त मिश्रा का कहना है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला तो संसद और विधानसभाओं की तस्वीर बदल जाएगी। कानपुर जिले में तीन से चार सीटों पर महिला विधायक होंगी। यह लोकतंत्र और नारी शक्ति मजबूत करने का बड़ा कदम होगा।

## सिटी ब्रीफ

### डेढ़ किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** पनकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को पनकी स्टेशन के पास से एक महिला को डेढ़ किलो गांजा के साथ धर दबोचा। पूछताछ में महिला की शिनाख्त डी ब्लॉक कच्ची झोपड़ी निवासी जूली कंजड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला के कब्जे से बेचे गए माल के 11700 रुपये बरामद किए हैं।

### दंपती के खिलाफ एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता के हंसपुरम आवास विकास में प्रेम नारायण की पत्नी राजकुमारी ने एससीएसटी एक्ट समेत अन्य आरोपों में इलाके के दंपती पंकज शुक्ला व दिव्या के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे दोनों उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों से कई बार अपमानित किया। मोहल्ले को जाति विशेष से मुक्त कराने की धमकी दी। विरोध करने पर पति को ट्रक से कुचलवाने की धमकी दी।

### बिना तलाक पति ने कर ली दूसरी शादी

**कानपुर।** बर्रा में दामोदर नगर निवासी आकांक्षा साहू के अनुसार उसकी नौ साल पहले गोविंदनगर कैनाल निवासी अंकित साहू से शादी हुई थी। पीड़िता के अनुसार ससुराल पक्ष शादी के बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगा था। विरोध पर गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। 2017 में उसे मायके भेज दिया गया और कहा कि दहेज लाओ तभी वापस आना। आरोप लगाया कि पति अंकित ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। पीड़िता ने सास श्यामकली, देवर अमित, ननद नीरजा व निधि सहित ननदोई ओम नरायन, देवेंद्र व भरत पर उत्पीड़न व धमकी देने का आरोप लगाया है। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किडनी कांड में पुलिस को चकमा दे मुदस्सर अली ने कोर्ट में किया सरेंडर

## पुलिस नोएडा, गाजियाबाद व उत्तराखंड में तलाशती रही, अली मास्क लगाकर पहुंच गया कोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मुदस्सर।

**अमृत विचार।** किडनी कांड में गुरुवार को 25 हजार का इनामी ओटी टेक्नीशियन मुदस्सर अली सिद्दीकी ने सरेंडर कर दिया। कानपुर में अवैध तरीके से 30 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट करने वाला ओटी टेक्नीशियन मुंह पर मास्क व टोपी लगाकर पुलिस को चकमा देकर एसीजेएम-6 की कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस नोएडा, गाजियाबाद, उत्तराखंड समेत कई जिलों में उसकी उसकी तलाश में जुटी थी। किडनी रैकेट में शामिल 10 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। मुदस्सर सहित 11 आरोपी जेल जा चुके हैं। मुदस्सर डॉ. अली के नाम से मशहूर है। पुलिस फाइल में भी उसका यही नाम दर्ज किया गया है।

रावतपुर के केशवपुरम स्थित आहूजा हॉस्पिटल में 29 मार्च को अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। ट्रांसप्लांट के बाद कल्याणपुर स्थित मेडलाइफ हॉस्पिटल में बिहार का डोनर आयुष कुमार और प्रिया अस्पताल में मुजफ्फर नगर की रिसीवर पारुल तोमर भर्ती मिली थीं। किडनी ट्रांसप्लांट मामले में डॉ. अली की पुलिस तलाश में जुटी थी। उसके अधिवक्ता मोहित द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को कोर्ट में आख्या दाखिल की गई थी। जिसकी सुनवाई के लिए कोर्ट ने विवेचक मनोज कुमार से रिपोर्ट मांगी थी। सुनवाई की तय तारीख 16 अप्रैल को विवेचक रिपोर्ट के साथ कोर्ट में पेश हुए। बताया कि डॉ. अली मुकदमे में वांछित है। जिसके बाद कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। डोनर आयुष से उसकी किडनी छह लाख में खरीदी गई थी, जो पारुल को करीब 80 लाख में बेची गई। किडनी डोनेट के कम पैसे मिलने पर छात्र आयुष ने ही पुलिस से शिकायत की थी। इसके बाद मेडलाइफ, आहूजा व प्रिया हॉस्पिटल में पुलिस ने एक साथ छापेमारी की थी। जिससे किडनी ट्रांसप्लांट सिंडिकेट का खुलासा हुआ।

जांच में सामने आया कि किडनी ट्रांसप्लांट करने के लिए लखनऊ व दिल्ली से डॉक्टरों की टीम आती थी। युवकों को जाल में फंसाकर किडनी का सौदा किया जाता था। पुलिस ने ट्रांसप्लांट रैकेट में शामिल आहूजा हॉस्पिटल की डॉ. प्रीति आहूजा, उनके पति डॉ. सुरजीत आहूजा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश, डॉ. नरेंद्र सिंह व दलाल शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काणा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने जांच पता चला कि अवैध कारोबार का सरगना डॉ. रोहित है। शिवम काणा उसके लिए काम करता है। इसके बाद ओटी मैनेजर राजेश कुमार और ओटी संचालक कुलदीप सिंह गाजियाबाद से पकड़े गए। फिर 25 हजार के इनामी डॉ. रोहित को पुलिस ने गिफ्तार किया। गुरुवार दोपहर ओटी टेक्नीशियन मुदस्सर अली सिद्दीकी उर्फ डॉ. अली ने कोर्ट में सरेंडर किया। किडनी सिंडिकेट में जेल जाने वाला डॉ. अली 11वां आरोपी है।


अली को कोर्ट ले जाती पुलिस।

- ओटी टेक्नीशियन है मुदस्सर अली, ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर की तरह रहता है

**25** हजार रुपये का इनामी है आरोपी मुदस्सर | **30** से अधिक किडनी ट्रांसप्लाट का शक

### अली ने दिल्ली में ली है ट्रेनिंग

- अस्पतालों की ओटी में किडनी ट्रांसप्लांट की मुदस्सर ने दिल्ली में ट्रेनिंग ली थी। डॉ. रोहित की टीम में अली ही नहीं कई ओटी स्पेशलिस्ट रहते हैं। सभी ने ट्रेनिंग ली है। पुलिस कमिश्नर के अनुसार डॉ. रोहित एनीस्थीसिया, डॉ. वैभव डेंटिस्ट, डॉ. अनुराग उर्फ अमित हॉस्पिटल संचालक, डॉ. अफजल फिजीशियन, डॉ. अली ओटी टेक्नीशियन है।

### ओटी में डॉक्टर की तरह रहता था अली

- डॉ. मुदस्सर अली उर्फ डॉ. अली दिल्ली के द्वारिका का है। ओटी (ऑपरेशन थिएटर) के अंदर वह डॉक्टर की तरह रहता था। सर्जिकल कट लगाना, रिसीवर को किडनी शिफ्ट करना। यह सब उसके काम होते थे। डॉ. अली के साथ सहायक टीम चलती थी। ऑपरेशन के बाद दो-दो की टुकड़ी में अलग-अलग जाते थे। हर ऑपरेशन में अली रहता था।

### किडनी डोनर पर दबाव बनाता था अली

- पुलिस जांच में पता चला था कि किडनी सिंडिकेट के लोग डोनर को साइबर फ्रॉड के जरिए फंसाते थे। पहले डोनर को साइबर फ्रॉड ग्रुप में जोड़ा जाता। डॉ. अफजाल व अली हैंडलर होते। फिर छोटे-छोटे टास्क दिए जाते। टास्क जीतने पर रकम दी जाती। टास्क पूरा होने पर कठिन टास्क मिलते। जिसमें मोटी रकम लगानी पड़ती। रकम हारने पर गिरोह के सदस्य उधार देते थे, फिर उन्हें किडनी डोनेट के लिए दबाव बनाया जाता या इस कारोबार में फंसा लेते। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि डोनर की कांउसिलिंग कराई जाती थी।

### टेलीग्राम ग्रुप से संचालित होता रैकेट

- किडनी सिंडिकेट टेलीग्राम ग्रुप से संचालित होता था। पारुल से डॉक्टर अफजल ने ट्रांसप्लांट कराने को कहा था। उसके बाद दलाल शिवम काणा ने बिहार के रहने वाले आयुष को किडनी डोनेट के लिए राजी किया। डीसीपी कासिम आबिदी के अनुसार कानपुर में 50 से अधिक ऑपरेशन किए गए। इसमें 30 से अधिक ऑपरेशन डॉ. अली ने किए। सात ऑपरेशन आहूजा हॉस्पिटल में हुए।

# वाहन की टक्कर से तीन की मौत

संवाददाता,शिवराजपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह एन एच 34 हाईवे के दुबियाना अंडरपास के ऊपर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। बाइक सवार और बाइक में बैठे बच्चे उछलकर दूर जा गिरे बाइक सवार बिल्हौर से तिलक समारोह में शामिल होकर बाकरगंज बिठूर जा रहे थे। पुलिस ने घायलों को शिवराजपुर सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने एक किशोर सहित तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक किशोरी को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल बच्ची को परिजनों द्वारा कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बिठूर बाकरगंज निवासी विनोद निषाद 45 वर्ष पुत्र स्व मोहनलाल एवं पड़ोसी राम नारायण निषाद पुत्र कुंजीलाल के साथ अपने बहनोई के यहां बिल्हौर के कल्लू पुरवा गांव में तिलक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे गुरुवार सुबह दोनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे उनके साथ के साले राजू का 10 साल का बेटा पीयूष भी बाइक से आ रहा था बाइक से दीक्षा 9 वर्ष पुत्री विनोद निषाद वह भी इस बाइक से लौट रही थी जैसे ही वह शिवराजपुर के दुबियाना अंडरपास के ऊपर हाईवे पर ही थे कि अज्ञात वाहन द्वारा बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे यह लोग उछलकर दूर जा गिरे व गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को शिवराजपुर के सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने विनोद निषाद एवं रामनारायण निषाद और पीयूष को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दीक्षा को कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए आसपास सीसीटीवी कैमरे दिखाये जाएंगे पीड़ित की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।


पीयूष।


विनोद।


रामनारायण।

### जुगल देवी का छात्र था पीयूष

- परिवार वालों ने बताया कि पीयूष पढ़ने में होशियार था वह कानपुर के जुगल देवी स्कूल में तीसरी कक्षा का छात्र था। गुरुवार को उसे स्कूल जाना था इसीलिए वह इस बाइक से विनोद के साथ घर लौट रहा था और राजू उसकी पत्नी बेटी के साथ रात में ही घर लौट आए थे

### पत्नी गंभीर बीमार

- हादसे में मारे गए राम नारायण की पत्नी ननकी गंभीर बीमारी से ग्रसित है जिसके कारण वह एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। परिवार में पांच बेटियां नेहा, प्रीति, मुस्कान, शिवानी और खुशी हैं। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज करा कर घर लाया जा रहा है

## सड़क हादसे की रिपोर्ट

**कानपुर।** हनुमंत विहार में 14 फरवरी को फूल बेचकर घर लौट रहे बिधनू के सगुनियापुरवा निवासी अमर सिंह को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान 10 मार्च को उसकी मौत हो गई। मामले में पीड़ित परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी सीमा की तहरीर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पत्नी के गम में युवक ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू में पत्नी की मौत के बाद अवसादग्रस्त युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

रामजीपुरवा निवासी 35 वर्षीय कमलेश डीसीएम चलाते थे। आठ माह पहले डिलीवरी के दौरान पत्नी पूजा की मौत हो गई थी। परिवार में चार बेटियां रोशनी, छाया, परी व काश्वी हैं। भाई अरविंद ने बताया कि भाभी की मौत के बाद कमलेश काफी परेशान रहने लगे थे।

बुधवार रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने गए थे। जब परिवार के अन्य लोग सो गए तो घर के बाहर खड़ी डीसीएम के डाला में लगे एंगल से चादर बांधकर फांसी लगा ली। गुरुवार तड़के शव लटका देख ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्नी वियोग में यह कदम उठाया है।

# नगर निगम टीम पर हमले में एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईजीआरएस में मिली शिकायत पर कुत्ते पकड़ने गई थी नगर निगम की टीम

**अमृत विचार।** पनकी थाना क्षेत्र के गंगागंज भाग-2 में बुधवार रात को आईजीआरएस पर मिली शिकायत के आधार पर नगर निगम की डॉग कैचर टीम कुत्तों को पकड़ने पहुंची थी, तभी कुछ अराजक तत्वों ने टीम पर हमला कर दिया था, जिससे नगर निगम के चार कर्मचारी घायल हो गए। नगर निगम ने पनकी थाने में उपद्रवी तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की हिंसात्मक व असामाजिक गतिविधियों को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। घायल कर्मचारियों को तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई और उनके स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जा रही है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आरके निरंजन के मुताबिक आइजीआरएस में पनकी गंगागंज निवासी दिनेश सिंह ने शिकायत की थी कि उनके पड़ोस में रहने वाली वंदना वर्मा देशी कुत्ते पालती हैं। ये कुत्ते स्कूल के बच्चों और राहगीरों पर कई बार हमला कर चुके हैं।

शिकायत के आधार पर डॉग कैचर टीम बुधवार सुबह पहुंची तो कुत्तें नहीं मिले थे। जानकारी पर लोगों ने बताया कि रात के समय कुत्ते मिलेंगे, जिसके बाद टीम रात को पहुंची। टीम ने जैसे ही कुत्ते पकड़ने शुरू किए, वैसे ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। कर्मचारियों को पकड़ कर मारा और मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। घटना में चालक समीर, कर्मचारी सत्येन्द्र यादव, विकास झा और विकास सोनवानी घायल हुए है। नगर निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वह नगर की स्वच्छता व जनहित से जुड़े कार्यों में सहयोग प्रदान करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का साथ दें।

## गंगा में डूब रहे पांच दोस्तों को बचाया एक लापता

**कानपुर।** महाराजपुर के ड्योढ़ीघाट पर गुरुवार शाम चकेरी से नहाने गए छह दोस्त गहराई में चले गए। डूबने देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, इस पर पांच को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक का पता नहीं चला।

चकेरी के शिवकटरा निवासी 28 वर्षीय आटो चालक विकास त्यागी माता-पिता की मौत के बाद अपनी बहन बीना के घर पर रहता था। गुरुवार शाम पांच बजे विकास अपने दोस्त श्यामनगर के नेताजीनगर निवासी आकाश, रेलबाजार के खपरा मोहाल निवासी मोहम्मद शाहिद, शुक्लागंज का इरफान अहमद व शिवकटरा का अभिषेक द्विवेदी व आशीष के साथ आटो से ड्योढ़ीघाट नहाने पहुंचे थे। सभी दोस्त गंगा में नहा रहे थे, तभी गहराई में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने देख लिया और शोर मचाया। लोगों ने पांच युवकों को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन विकास त्यागी गहराई में लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व गोताखोरों ने युवक की तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

# ट्रक ने अधेड़ को रौंदा चालक भाग निकला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल में आइसक्रीम फैक्ट्री कर्मी को बेकाबू ट्रक ने बुधवार देर रात रौंद दिया। पहियों के नीचे आकर उसकी जान चली गई। पुलिस ने घरवालों को कार्रवाई का भरोसा देकर घर भेज दिया। गुरुवार सुबह थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया है।

उन्नाव के प्रेमनगर पोनी रोड निवासी 47 वर्षीय राजू सिंह घंटाघर स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करते थे। परिवार में पत्नी कुंती, बेटा हिमांशु व तीन बेटियां कामिनी, रितिका व अन्नू हैं। हिमांशु ने बताया कि मंगलवार दोपहर दो बजे पिता घर से निकले थे। रात करीब ढाई बजे आइस्क्रीम का ठेला फैक्ट्री में खड़ा करने के बाद साइकिल से घर के लिए निकले थे। वह सुतरखाना चौकी के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आए बेकाबू ट्रक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। वह उछलकर दूर जा गिरे। चालक के भागने के प्रयास में राजू पहियों के नीचे आ गए। राहगीरों के पीछा करने पर चालक ट्रक से कूदकर भाग निकला। मौके पर पहुंचे परिजनों को पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर घर भेजा दिया। गुरुवार सुबह कुंती थाने पहुंचीं। आरोप है कि थाना प्रभारी ललित कुमार ट्रक मालिक के साथ कमरे में बैठे थे। विरोध पर पुलिसकर्मियों ने उनसे अभद्रता की और थाने से बाहर निकाल दिया। पुलिस पर सांठगांठ का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर फतेहपुर के मऊ निवासी ट्रक चालक हीरालालको गिरफ्तार कर लिया गया है।

### नवंबर में बेटी की शादी परिवार उजड़ गया

- पोस्टमार्टम हाउस पहुंची कुंती शव देखते ही फफक पड़ी। रोते हुए कहा कि नवंबर में बेटी की शादी है, मेरा तो परिवार उजड़ गया, कैसे क्या होगा। जिस ट्रक ने पति को रौंदा उसका चालक थाने में थानेदार के साथ बैठा था। रात में पुलिसकर्मी कार्रवाई का भरोसा दे रहे थे, सुबह थाने से बाहर भगा दिया।

# मॉल में आग, टेरेस पर फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जेड स्क्वायर मॉल में मॉकड्रिल
- आग बुझाने के बाद मॉल में ली गई तलाशी

**अमृत विचार।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को बड़ा चौराहा स्थित जेड स्क्वायर मॉल में अग्निशमन व आपात सेवा विभाग की ओर से वृहद मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान मॉल में आग लगने और लोगों के फंसे होने की सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न फायर स्टेशनों से फायर टेंडर, हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, एमडीआरवी और आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर मौके पर पहुंचाया। मॉकड्रिल जेसीपी कानून एवं व्यवस्था की अध्यक्षता व मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में हुआ।

मॉकड्रिल के तहत तीसरे खंड पर फूड कोर्ट, दूसरे खंड के कपड़ा शोरूम और भूतल पर स्टारबक्स आउटलेट में आग लगना दर्शाया गया। धुएं के बीच टीमों ने फायर रोबोट की मदद से आग पर काबू पाया। रेस्क्यू अभियान में टेरेस पर फंसे दो लोगों को हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म से सुरक्षित निकाला गया। तीन अन्य लोगों को सर्च एंड रेस्क्यू टीम ने स्ट्रेचर के माध्यम से बाहर निकालकर उपचार के बाद अस्पताल भेजा।

आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर के जरिए ऊपरी मंजिलों की आग को पूरी तरह बुझाने के बाद पूरे मॉल की तलाशी ली गई और स्थिति सामान्य घोषित की गई। मॉक ड्रिल के समापन पर मौजूद लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास का मकसद आपात स्थिति में त्वरित सहायता देकर जन व धन हानि को न्यूनतम करना और लोगों को जागरूक करना है।



युवक को बचाकर ले जाते दमकल कर्मचारी। अमृत विचार

सख्ती | शुक्लागंज-उन्नाव क्षेत्र में केडीए ने की कार्रवाई, किया जागरूक भी

# केडीए ने अवैध प्लाटिंग की सील, स्वीकृत नहीं था मानचित्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शुक्लागंज-उन्नाव क्षेत्र में केडीए ने की कार्यवाही
- 6800 वर्ग मीटर क्षेत्र में की गी सीलिंग की कार्रवाई

**अमृत विचार।** गुरुवार को शुक्लागंज-उन्नाव क्षेत्र में अवैध व अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ केडीए प्रवर्तन जोन-1बी के द्वारा लगभग 6800 वर्ग मीटर में सीलिंग और लगभग 18000 वर्ग मीटर में नोटिस की कार्यवाही की।

केडीए प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह टीम के साथ उन्नाव के ग्राम देवारा खुर्द पहुंचे, यहां पर उन्हें देशराज चौहान व अन्य (सिंह प्रापर्टी सॉल्यूशन) द्वारा लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग होती मिली। केडीए से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था। बिना अनुज्ञा के ही प्लाटिंग की जा रही थी। ग्राम देवारा खुर्द, तारा रानी कानवेन्ट स्कूल के पास गौरी शुक्ला व अन्य द्वारा लगभग 800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में गेस्ट हाउस का संचालन बिना केडीए से मानचित्र स्वीकृत के किया जा रहा था और बिना अनुज्ञा प्लाटिंग की गई थी। डॉ.रवि प्रताप सिंह के मुताबिक दोनों परिसरों को सील कर उन्नाव के थाना गंगाघाट, शुक्लागंज की पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। वहीं, डॉ. रवि प्रताप सिंह के मुताबिक शुक्लागंज-उन्नाव में अवैध व अनाधिकृत रूप से विकसित की गई तीन प्लाटिंग को चिन्हित किया गया है। उन्नाव के ग्राम देवारा खुर्द में लगभग 5000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्लांटिंग कार्य किया जा रहा है। ग्राम-पिण्डोखा में लगभग 3000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्लांटिंग कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखाया गया। ग्राम-सिंहपुर कछार में अभिषेक कटियार, सुशील कटियार व अन्य द्वारा लगभग 10000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण नोटिस की कार्यवाही की। 15 दिन में अवैध व अनाधिकृत निर्माण को स्वतः ध्वस्त किये जाने के निर्देश दिए। कहा कि यदि निर्धारित समय में ध्वस्तीकरण नहीं किया जाता है तो पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।



केडीए द्वारा सील किया गया परिसर। अमृत विचार

### सील हटाकर हो रहा था निर्माण

- डॉ.रवि प्रताप के मुताबिक ग्राम पिंडोखा में भूरेलाल द्वारा अनाधिकृत व अवैध रूप निर्माण परिसर को दोबारा सील किया गया। निर्माणकर्ता द्वारा अवैधानिक रूप से परिसर की सील पट्टिका हटाकर दोबारा निर्माण किया जा रहा था। परिसर को पुलिस अभिरक्षा में दिये जाने के साथ ही भूरे लाल के खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सीलिंग कार्यवाही के दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर राम औतार, मनोज कुमार, राज कुमार, लाल सिंह व संबंधित थाने का पुलिस बल रहा।

## इलाज के नाम पर हड़पे 8.32 लाख रुपये

**कानपुर।** हनुमंत विहार में दोस्त ने मां के इलाज के नाम पर 8.32 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नौबस्ता बंबा सब्जी मंडी निवासी रीना तिवारी का आरोप है कि इलाके का रहने वाला उनके बेटे का दोस्त अभिषेक सिंह चौहान ने मां के इलाज के बहाने से रकम ली थी। जिसमें छह लाख रुपये ऑनलाइन, 1.40 लाख रुपये नकद व करीब 92 हजार रुपये अन्य माध्यम से दिए थे।

निर्धारित समय के बाद रुपये मांगने पर आरोपी ने दबंगई की। पैसों मांगने पर उसने गाली-गलौज कर धमकी दी। कई बार उनके बेटे को भी रास्ते में रोककर धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बिल्डर और निवासियों में ठनी, सुरक्षा की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एल्डिको काउंटी गेटेड सोसाइटी में रह रहे निवासियों और बिल्डर के खिलाफ एक बार फिर ठन गई है। इस बार मामला इस गेटेड सोसाइटी में मकानों के ताले टूटने को लेकर बढ़ा है। यहां के निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में वे लोग सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। जिस पर बिल्डर की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सोसाइटी की वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अब पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के समक्ष पूरे प्रकरण को संज्ञान में लाने का निर्णय हुआ।

एल्डिको काउंटी में हाल ही में मकानों के ताले टूटने की घटना सामने आई थी। खास बात यह है कि सोसाइटी में गेट व सुरक्षा कर्मी मौजूद हैं बावजूद इसके इस तरह की घटना होने पर यहां के निवासी किसी साजिश की ओर इशारा कर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि इस प्रकरण की शिकायत भी उन लोगों ने पुलिस विभाग से की है। एफआईआर के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उधर सोसाइटी के बिल्डर से भी सोसाइटी में सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग एसोसिएशन की ओर से की जा चुकी है। निवासियों का आरोप है कि इसके बावजूद भी अभी तक उन लोगो की कोई सुनवाई बिल्डर की ओर से नहीं की गई है। जवाहरपुरम कानपुर वेलफेयर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि सोसाइटी में लगातार बिल्डर की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। इससे पहले भी बिल्डर की मनमानी के खिलाफ वे लोग लामबंद हो चुके हैं। उस वक्त स्थतियां यहां तक पहुंच चुकी थी कि बिल्डर की ओर से सोसाइटी की बैठक न होने का पूरा प्रयास किया गया था।

## सिटी ब्रीफ

### अक्षय तृतीया महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**कानपुर।** सरसौल क्षेत्र के नागापुर स्थित परशुराम मंदिर में पांच दिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन से की गई, जिसके बाद गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई गंगा तट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कलश में गंगाजल भरा। यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। कार्यक्रम में रामबाबू त्रिपाठी व माया त्रिपाठी यजमान रहे। इस दौरान दीपू, दुर्गाशंकर, अनुरुद्ध, दीपिका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एआई का महत्व बताया

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के सामुदायिक विज्ञान संकाय में मानव विकास विभाग एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग द्वारा द रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन शेपिंग फैमिली डायनामिक्स एक्रोस लाइफ स्पेन" विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ मुक्ता गर्ग ने कहा कि आज के युग में हम अपने जीवन को सफल बनाने हेतु हर क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर रहे है। यह मानव जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में उपयोगी है। हर अवस्था मे कुछ नया सीखने के लिए, स्वास्थ्य संबंधी, जॉब संबंधी, बैंकिंग जानकारी, के लिए विभिन्न ऐप उपलब्ध है। जिनका सही प्रयोग कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

### बर्रा हाईवे पर युवक से तमंचे के बल पर लूट

**कानपुर।** बर्रा हाइवे पर बाइक से जा रहे युवक को रोककर दो बदमाशों ने पहले मारपीट की और फिर तमंचा दिखाकर उसकी बाइक और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। योगेंद्र विहार खाड़ेपुर निवासी मोहित निषाद ने बताया कि गुरुवार तड़के वह अपनी बाइक से बर्रा बाईपास की ओर जा रहा था। तभी सिंह ढाबा और पेट्रोल पंप के बीच पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उसे जबरन रोक लिया। बाइक रुकते ही बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद एक बदमाश ने तमंचा निकालकर उसकी ओर तान दिया और गोली मारने की धमकी देते हुए उसकी बाइक और मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

# सचौली पुल झुक गया यातायात रोका जाएगा

## इस पुल के समानांतर बनाया जाएगा 71 मीटर लंबा नया पुल

अमित सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसौल से नर्वल होते हुए साढ़ जाने वाले मार्ग पर रिंद नदी पर सचौली गांव के समीप 71 मीटर लंबा पुल बनेगा। इससे पहले वहां स्थित पुराने पुल पर यातायात प्रतिबंधित किया जाएगा। यह पुल जर्जर जो चुका है और कभी गिर सकता है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीक्षण अभियंता ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सचौली पुल को भारी वाहनों के लिए खतरनाक बताया है और तत्काल इस पर यातायात रोकने की संस्तुति की है।

कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर नर्वल मोड़ से साढ़ तक फोरलेन मार्ग बनाया जाना है। अभी यह मार्ग नर्वल तक दो लेन है। फोर लेन बनेगा। भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य में करीब करीब 190 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। फोरलेन होने वाले इस मार्ग की चौड़ाई 22 मीटर होगी जिसमें पेव्ड शोल्डर व डिवाइडर भी बनाए जाएंगे। वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई 5-7 मीटर के बीच है। डिफेंस नोड के लिए बन रहे मार्ग में 71 मीटर लंबा पुल भी बनना है। इस पुल का निर्माण सचौली गांव के पास रिंद नदी पर बने पुल के समानांतर होगा।



> पुल क्षतिग्रस्त है। इसलिए हैवी ट्रैफिक प्रबंधन के लिए डीएम से अनुमति मांगी है। रूट डायवर्जन के लिए सेतु निगम के साथ बैठक की जाएगी।
> – अनूप कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

वर्तमान पुल जर्जर हो चुका है। इस पुल को तोड़ा जाएगा। फिलहाल इस पुल पर यातायात प्रतिबंधित करने की तैयारी है क्योंकि यह पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जिलाधिकारी को लिखे पत्र में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने कहा है कि पिछले पांच वर्ष से पुल जीर्णशीर्ण अवस्था में है और क्षतिग्रस्त होकर नीचे की ओर झुक (डिफ्लेक्शन) गया है। अतः इस पर यातायात रोका जाना चाहिए। उन्होंने डीसीपी यातायात को भी पत्र लिखा है और कहा कि मार्ग में स्थित थानों को हैवी ट्रैफिक प्रबंधन के लिए निर्देशित किया जाना आवश्यक है। भारी वाहनों के अवरुद्ध करने की बात तो जिला प्रशासन को बताई गई लेकिन जब ब्लॉक होगा तो भारी वाहनों का डायवर्जन किस रूट से किया जाएगा अभी ये तय नहीं है। पीडब्ल्यूडी ने कोई वैकल्पिक मार्ग का सुझाव भी पत्र में नहीं दिया है। अब वैकल्पिक मार्ग यातायात विभाग खोजेगा।

## 194 लोगों की जांच

**कानपुर।** हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को वूमंस इन इंजीनियरिंग स्टूडेंट ब्रांच एफिनिटी ग्रुप द्वारा 'महिला स्वास्थ्य जागरूकता और सहायता पहल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक आईईईई स्टूडेंट ब्रांच काउंसलर प्रोफेसर संजीव कुमार ने बताया की स्वास्थ्य कैंप पारस हॉस्पिटल कानपुर के संयोजन से आयोजित किया गया। जिसमें डॉ सोनी व्यास ने महिला स्वास्थ्य, जैसे शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण एवं निवारक देखभाल, सर्वाइकल कैंसर, एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए समय पर जांच और एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 194 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही डॉ. हिना द्वारा सभी छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में प्रोफेसर अर्चना, डॉक्टर ज़ीनत आरिफ, डॉक्टर अंजलि अवस्थी, डॉ अफरोज आलम मौजूद रहे।

# कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बनेंगे तीन रेस्ट एरिया भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**63** किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे लगभग तैयार | **24** घंटे एंबुलेंस और स्वास्थ्य टीम तैनात रहेगी



**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सफर के दौरान अगर आपको थकान लगती है, वाहन में पेट्रोल की कमी है, भूख लगती है या फिर कोई इमरजेंसी महसूस होती है तो उसके भी इंतजाम एनएचएआई ने करने की योजना तैयार की है। इसके लिए एनएचएआई तीन जगहों पर आधुनिक रेस्ट एरिया का निर्माण करेगा, साथ ही अन्य सुविधा भी मिलेगी, जिसके लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी कर दिए हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर निर्माण शुरू होगा।

कानपुर से लखनऊ के लिए छह लेन का कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है, जो 63 किलोमीटर लंबा है। जिसमे कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब बस उद्घाटन का इंतजार किया जा रहा है। पहले एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा इसके उद्घाटन की तिथि एक अप्रैल तय की गई थी, लेकिन किसी कारण ये संभव नहीं हो सका। अब अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में इसके उद्घाटन की संभावना जताई जा रही है। 63 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर दोनों तरफ 25 से 30 किलोमीटर की दूरी पर तीन जगहों पर यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक रेस्ट एरिया का निर्माण किया जाएगा। साथ ही फूड कोर्ट, ईंधन स्टेशन, वाहन रिपेयरिंग वर्कशॉप, बैंक एटीएम, आधुनिक टायलेट और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट्स की व्यवस्था यात्रियों को मिलेगी। रेस्ट एरिया बनाने के लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी कर दिए हैं। इसे पीपीपी या लीज मॉडल पर विकसित करने के लिए टेंडर जारी हुआ है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ रेस्ट एरिया बनने से यात्री अपनी लेन पर ही रुकेंगे और हादसे की संभावना नहीं होगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा।

### 10 बेड का ट्रामा सेंटर भी होगा

- एक्सप्रेसवे पर स्वास्थ्य और इमरजेंसी सुविधा के तहत एक 10 बेड के ट्रामा सेंटर की भी सुविधा होगी, जिसमे 24 घंटे एंबुलेंस और स्वास्थ्य टीम तैनात रहेगी। इससे घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी जिससे उनका जीवन बचाया जा सकता है। वहीं, हादसे में जान गवानें वालों व घायलों का डाटा भी एकत्र किया जाएगा।

# होमगार्ड परीक्षा में शामिल होंगे 1,15,200 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**41400**

में सबसे ज्यादा भर्तियां कानपुर में 1947 पदों पर होनी हैं

**अमृत विचार।** जिले में तीन दिन चलने वाली होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए एकपद पर 59 लोग दावेदार हैं। कुल 1947 पदों पर जवानों की भर्ती की जानी है। लिखित परीक्षा के लिए 53 केंद्र बनाए गए हैं।

20 सेंटर पूर्वी जोन में बनाए गए हैं, जबकि पश्चिम जोन में सबसे कम 7 केंद्र, साउथ जोन में 16 व सेंट्रल जोन में 10 केंद्र बनाए गए हैं। लिखित परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक दो पालियों में होनी है। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में 19,200 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। तीन दिनों में कुल 1,15,200 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। यूपी में 15 साल बाद होमगार्डों की भर्ती की जा रही है। इसमें सबसे अधिक 41400 में से कानपुर में 1947 होमगार्डों की भर्ती की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड होमगार्ड के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी कराएगी। लिखित परीक्षा के लिये 53-53 सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, हर केंद्र पर दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक जिसमें एक उसी केंद्र का और दूसरा बाहरी किसी केंद्र का होगा। इसी तरह परीक्षा सहायकों की भी ड्यूटी केंद्रों पर लगाई जाएगी।

## पेंशनर्स 21 अप्रैल को देंगे ज्ञापन

**कानपुर।** सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर 21 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

एसोसिएशन की बैठक में बताया गया कि पेंशनर्स की दस सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 8वें वेतन आयोग में पुराने पेंशनर्स को लाभ दिए जाने, कोरोना काल में रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते का भुगतान, रेल किराए में पूर्व की भांति छूट, पेंशन राशिकरण की कटौती 10 वर्ष में समाप्त करने और 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर प्रत्येक पांच वर्ष में 5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि शामिल हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि कानपुर महानगर के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारी बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होंगे।

# आयकर अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयकर कर्मचारी महासंघ एवं आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सर्किल की संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर गुरुवार से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। कर्मचारियों ने कानपुर मुख्यालय सहित सभी कार्यालयों में मध्यावकाश के दौरान प्रदर्शन किया। सिविल लाइंस स्थित आयकर भवन परिसर में आयोजित सभा में अधिकारियों और कर्मचारियों ने दस सूत्रीय मांगों के समर्थन में जोरदार आवाज उठाई। इस दौरान केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष को संबोधित संकल्प पत्र प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अर्पना करन को सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के महासचिव राघवेन्द्र सिंह और आयकर कर्मचारी महासंघ के महासचिव सुनील कुमार ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कैडर रिव्यू, भर्ती नियमों में संशोधन, इंटर चार्ज ट्रांसफर नीति बहाल करने, वेतन विसंगतियों को दूर करने और पदोन्नति में ठहराव खत्म करने की मांग प्रमुखता से उठाई। वक्ताओं ने नव-प्रोन्नत अधिकारियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने, कार्य दायित्व स्पष्ट करने और अव्यावहारिक रिपोर्टिंग व्यवस्था समाप्त करने की भी मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता एस.के. वर्मा व बृजेश कुमार ने की, जबकि संचालन शरद प्रकाश अग्रवाल ने किया। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि 16 अप्रैल से 13 मई तक चरणबद्ध आंदोलन के तहत मध्यावकाश प्रदर्शन, धरना, वॉकआउट और हड़ताल की जाएगी। इस दौरान शांति भूषण मिश्रा, शिवेन्दु श्रीवास्तव, नवनीत शुक्ला, पंकज यादव, मुकेश कुमार, अनिल चौधरी, शिव कुमार, वैभव सचान, रजत सिंह, रवि कुमार, शिवम पाल, के.के.शुक्ल, मोहन लाल मुकेश, संजय कुमार, प्रवीण बाजपेयी, वैभव सचान, अनूप तिवारी, विवेक दीक्षित, राम प्रताप, तन्मय त्रिपाठी, दीपंकर चौरसिया, क्षितिज शुक्ला, राजेश गौर, उमेश वर्मा, अजय वर्मा आदि थे।



नारेबाजी करते अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

- अव्यावहारिक रिपोर्टिंग समाप्त करने और कार्य दायित्व स्पष्ट करने की मांग

# मकानों की सूची बनाना, गणना शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम सीमा अंतर्गत जोन क्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना संबंधित तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुरुवार को शुरुआत की गई है, जो 18 अप्रैल तक जारी रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने निरीक्षण किया।

नगर निगम जोन-3 में किदवई नगर स्थित वानिकी प्रशिक्षण संस्थान संजय वन में जनगणना स्थल में नगर आयुक्त को ध्रूवनारायण यादव टीम के साथ मौके पर मिले, उन्होंने बताया कि यहां पर बैच संख्या एक से छह तक कुल 300 सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अप्रैल तक विभिन्न चरणों में पूरा होगा। जोनल कार्यालय जोन 5 में नगर निगम गांधी स्मारक इंटर कॉलेज गोविंद नगर में जनगणना 2027 की ट्रेनिंग आधुनिक तकनीकी, जिसमे एलईडी टीवी व एलईडी वॉल इंस्टॉल करके सभी प्रशिक्षण समाग्री डिजिटल रूप पैनड्राइव व लैपटॉप से पहले दिन करीब 450 लोगों द्वारा 9 बैच के माध्यम से प्रथम प्रशिक्षण प्राप्त किया। ट्रेनिंग दिवस में प्रसुक्षकों को सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना और शाम का नाश्ता और समय पर चाय भी प्रदान कराई गई। मौके पर 18 प्रशिक्षक रहे। यह प्रशिक्षण 16 से 18 अप्रैल तक दिया जाएगा। इसके बाद द्वितीय प्रशिक्षण 20, 21 व 22 अप्रैल में दोबारा 9 बैंचो के माध्यम से 450 लोगों को प्रदान कराया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि प्रथम चरण में सिर्फ मकानों को अंगीकृत कर उनकी गणना करते हुए डिजिटल रूप में सम्पन्न की जानी है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी लेते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार

- नगर आयुक्त ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

# श्रमिकों को अपडेट करने के लिए कोर्स चलाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एमएसएमई टेक्निकल सेंटर फजलगंज में बैठक में औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों को तकनीकी रूप से अपडेट किए जाने पर चर्चा हुई। श्रमिकों व कर्मचारियों को अपडेट करने के लिए विभिन्न कोर्स के तहत उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान 90 फीसदी फीस भारत सरकार की ओर से दी जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन ने की। शहर के विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों भी शामिल हुए। बताया गया कि प्रशिक्षण के दौरान सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि यूपीएसआईसी की ओर से वहन की जाएगी। बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण को रविवार को भी करना चाहिए। इसके अलावा संस्थान के ट्रेनर को भी मौजूदा दौर की तकनीकी के अनुसार अपेडेट होने की जरूरत है। बैठक में शिव कुमार गुप्ता अध्यक्ष यूपीआईईएमए, गिरीश गुप्ता, वैभव गुप्ता, सुनील वैश्य, संदीप अवस्थी, मिक्की मनचंदा, मनोज बंका, दिनेश गुप्ता अध्यक्ष चकेरी औद्योगिक क्षेत्र, श्रवण कुमार अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

- प्रशिक्षण की 90 फीसदी फीस केंद्र सरकार देगी

# तीन प्रकोष्ठों के प्रभारियों की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महानगर कांग्रेस संगठन को सशक्त व सक्रिय बनाने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों के प्रभारियों की घोषणा की गई। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि इन प्रभारियों को अपने-अपने प्रकोष्ठों के अध्यक्षों व पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि प्रभारी प्रकोष्ठों में सक्रियता बढ़ाने, निष्क्रिय पदाधिकारियों की रिपोर्ट तैयार करने और संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने का कार्य करेंगे। साथ ही वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट महानगर इकाई को सौंपेंगे। फहद अब्बासी को अल्पसंख्यक विभाग, अजय त्रिपाठी को उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ और देव राय को युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी, अल्पसंख्यक और युवा वर्ग की समस्याओं को कांग्रेस के ये प्रकोष्ठ प्रमुखता से उठाएंगे और उनकी आवाज संगठन के माध्यम से बुलंद की जाएगी।



सदस्यों को नियुक्ति पत्र देते पवन गुप्ता। अमृत विचार

खुशी जताई | विपक्ष पर नारी शक्ति की अनदेखी करने का लगाया आरोप

# महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी होगी सशक्त

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश होने के बाद भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र ने हर्ष व्यक्त किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने इसे भारतीय लोकतंत्र का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका बनाएगा। साथ ही विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में इस मुद्दे की अनदेखी की गई। इसी क्रम में भाजपा कानपुर दक्षिण द्वारा छावनी विधानसभा क्षेत्र के श्याम नगर स्थित आर.के. गैलेक्सी में भी गोष्ठी हुई। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि यह अधिनियम देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर इस पहल की जानकारी पहुंचाने और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार सहित कई जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने समर्थन जताया। वहीं गोष्ठी में रघुनंदन भदौरिया, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, भूपेंद्र त्रिपाठी, आभा द्विवेदी, अनीता त्रिपाठी, सुषमा चौहान, ममता राजपूत, मधु तिवारी, आशा पांडे मौजूद रहे।



संबोधित करते शिवराम सिंह। अमृत विचार

### अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला

- **कानपुर।** डीबीएस कॉलेज में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार मिश्रा के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति का स्वरूप माना गया है और यह अधिनियम महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। छात्र-छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया। इस दौरान "मिशन शक्ति समिति" की संयोजिका डॉ. नीति सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. गौरव सिंह सहित प्रोफेसर सी.एम. सक्सेना, प्रोफेसर मंजू अवस्थी, प्रोफेसर इंद्राणी दुबे, डॉ. अर्चना शुक्ला, प्रोफेसर प्रज्ञा अग्रवाल और डॉ. अर्चना सक्सेना उपस्थित रहीं।


## कार्यालय कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी, जनपद कानपुर नगर।

संख्या :– 109/जि0आ0अधि0/का0न0/व्यवस्थापन/2026–27 दिनांक : 16 अप्रैल 2026

**विज्ञप्ति**

**(तृतीय चरण की ई–लाटरी हेतु)**

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र सख्या–8871–8945/दस–लाइसेंस–367/ सुझाव आबकारी नीति (संशो.)/2026–27/ दिनांक: 24.02.2026 द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद कानपुर नगर में वर्ष 2026–27 हेतु आबकारी दुकानों के द्वितीय चरण की ई–लाटरी के पश्चात् अवशेष देशी शराब की 55 दुकानें, कम्पोजिट शॉप की 05 दुकानें, माडल शॉप की 02 दुकानें एवं भांग की 05 कुल 67 फुटकर दुकानों का तृतीय चरण की ई–लाटरी के माध्यम से व्यवस्थापन किया जाना है। ई–लाटरी के तृतीय चरण के लिए आवेदन पत्र दिनांक 17.04.2026 (मध्यान्ह 12:00 बजे) से दिनांक 21.04.2026 (सायं 05:00 बजे) तक ई–लाटरी पोर्टल https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। तृतीय चरण की ई–लाटरी दिनांक 23.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से जनपद कानपुर नगर को आवंटित टाइम स्लॉट पर कलेक्ट्रेट सभागार, कानपुर नगर में सम्पादित की जायेगी।

जनपद में ई–लाटरी के द्वितीय चरण के पश्चात् अवशेष मदिरा एवं भांग की फुटकर बिकी की दुकानों का ई–लाटरी के माध्यम से प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक जनपद की दुकानों की सूची, अन्य आवश्यक विवरण एवं शर्तें जनपद की वेबसाइट https://Kanpurnagar.nic.in तथा ई–लाटरी पोर्टल https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है। साथ ही तत्सम्बन्ध में अन्य जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, 87/8 टेनरी कम्पाउड जरीब चौकी, कानपुर नगर के सूचनापट पर उपलब्ध है।

नोट– समस्त इच्छुक आवेदक ई–लाटरी पोर्टल पर ई–लॉटरी के लिये पंजीकरण करते समय अपने नवीनतम पैनकार्ड पर अंकित पैन नम्बर, नाम एवं जन्मतिथि से ही पंजीकरण करें।

(राजेश सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी,
कानपुर नगर

(जितेन्द्र प्रताप सिंह)
कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी,
कानपुर नगर

# बच्चों ने सफल होकर मेहनत का मीठा फल पाया

## सीबीएसई के दसवीं के परीक्षा परिणाम में विभिन्न स्कूलों के मेधावियों ने किया शानदार प्रदर्शन, नाच-गाकर खुशी मनाई


डीपीएस बर्रा के मेधावी बच्चे। अमृत विचार

### डीपीएस बर्रा में सौ फीसदी बच्चे पास

**कानपुर।** सीबीएसई के दसवीं के घोषित परीक्षा परिणामों में दिल्ली पब्लिक स्कूल बर्रा के कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कनिष्का चनपुरिया ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 97.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर अविशी कोचर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आराध्या तिवारी तथा आराध्या सिंह ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। श्रेया सिंह ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान पाया। कनिष्का चनपुरिया ने अंग्रेजी विषय में तथा कनिष्का चनपुरिया, आराध्या तिवारी, श्रेया सिंह तथा नैना दीक्षित ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय में 100 अंक प्राप्त किए। प्रो वाइस चेयरपर्सन बंदना मिश्रा, विद्यालय के संस्थापक आलोक मिश्रा एवं प्रबंध समिति के सदस्य देवव्रत मिश्रा ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने की वजह स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत बताया। विद्यालय के संस्थापक आलोक मिश्रा, प्रो वाइस चेयर पर्सन बंदना मिश्रा, प्रबंध समिति के सदस्य देवव्रत मिश्रा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या जयंती मित्रा ने छात्रों को कड़ी मेहनत का मंत्र दिया।


यूपी किराना स्कूल तात्या टोपे नगर में छात्राओं ने मनाई खुशी। अमृत विचार

### छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन

**कानपुर।** यूपी किराना सेवा समिति बालिका विद्यालय तात्या तोपे नगर की छात्राओं ने परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन किया है। 10वीं कक्षा की छात्राओं ने शत् प्रतिशत् परिणाम प्राप्त किया है| इनमें छात्रा अदित्री तिवारी ने 98.2 फीसदी अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान, उदिता विश्वकर्मा ने 98 फीसदी अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा तमन्ना दीक्षित ने 97 फीसदी प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा सेंगर ने छात्राओं को कड़ी मेहनत का मंत्र दिया है।


हरमिलाप के संचालकों के साथ सफल बच्चे। अमृत विचार

### सौ फीसदी रहा परीक्षा परिणाम

**कानपुर।** हरमिलाप मिशन स्कूल की 10वीं कक्षा सीबीएसई परीक्षा में 161 छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए। विद्यालय के छात्र निखिल शुक्ला ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 37 छात्र एवं छात्राओं ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक अर्जित किए। बताया गया कि विद्यालय का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। हरमिलाप मिशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश भाटिया, सचिव एसके सर्राफ, चेयरमैन प्रेम अरोड़ा, प्रबन्धक अमरजीत भाटिया निदेशिका मीनू गोसाई, प्रधानाचार्य राजीव आनन्द ने परीक्षार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी।

### बीएसएस एजुकेशन सेंटर का भी अच्छा प्रदर्शन

**कानपुर।** बीएसएस एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इनमें मोहम्मद सादिक अंसारी ने 97 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया है। इसी तरह बलवंत कठेरिया ने 96.4 फीसदी अंक व आयशा फातिमा ने 95.2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। संस्कार सक्सेना ने 95 फीसदी व प्रखर गौतम ने 94 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उर्वी, अवनी व दिृष्ट ने 93 फीसदी अंको को हासिल किया है।


गौरव मेमोरियल स्कूल में खुशी मनाते बच्चे। अमृत विचार

### छात्रों ने हासिल की सफलता

**कानपुर।** गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ने परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के देव ने 96.8 फीसदी, उत्कर्ष कटियार ने 94.2 फीसदी, आरना सिंह ने 94 फीसदी, आरशी सिंह ने 92 फीसदी, श्रेयस यादव ने 92 फीसदी, मोनी ने 90.6 फीसदी, आदर्श कुमार ने 90.4 फीसदी अंक हासिल किए है। स्कूल की ओर से बताया कि स्कूल बैश (रोबोटिक्स) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल विभिन्न तरीकों से बच्चे के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। स्कूल में प्रसिद्ध गौरव स्पोर्ट्स अकादमी है जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों का दावा करती है। छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।


श्री राम एजुकेशन सेंटर के मेधावी बच्चे। अमृत विचार

### शुभी यादव ने हासिल किए 97.6 फीसदी अंक

**कानपुर।** श्रीराम एजूकेशन सेन्टर पनकी के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसमें शुभी यादव ने 97.6 फीसदी अंको के साथ प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर देवांश मिश्रा ने 96.6 फीसदी एवं सूर्यांश सिंह ने 96.0 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष दसवीं कक्षा में 90 फीसदी या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले 29 छात्र-छात्राएं है। विद्यालय के वरिष्ठ सलाहकार भास्कर गैंटी ने कहा हर दिन को एक लक्ष्य के साथ प्रारम्भ करें और उसे पूरा करने की कोशिश करें। इस अवसर पर राजीव गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीरामलीला सोसाइटी परेड, कानपुर, विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य संजीव त्रिवेदी ने विद्यालय के सभी छात्रों को कड़ी मेहनत का मूल मंत्र दिया।

### मंटोरा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

- **कानपुर।** मंटोरा पब्लिक स्कूल बिठूर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई के परीक्षा परिणामों में सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा निष्ठा अवस्थी ने 97.6 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आरुष त्रिपाठी ने 96.4 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आदित्य बाथम ने 95.8 फीसदी अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### होनहार


सूर्यांश सिंह। 96% श्रीराम एजुकेशन सेंटर


देवांश मिश्रा। 96.6% श्रीराम एजुकेशन सेंटर


शुभी यादव। 97.6% श्रीराम एजुकेशन सेंटर


मो. सादिक अंसारी 97% बीएसएस एजुकेशन सेंटर


बलवंत कठेरिया 96.4% बीएसएस एजुकेशन सेंटर


आयशा फातिमा 95.4% बीएसएस एजुकेशन सेंटर


संस्कार सक्सेना 95% बीएसएस एजुकेशन सेंटर


प्रखर गौतम 94% बीएसएस एजुकेशन सेंटर


कनिष्का छानपुरिया 98.8% डीपीएस बर्रा


अवीशी कोचर 97.6% डीपीएस बर्रा


अरध्या तिवारी 97.4% डीपीएस बर्रा


आराध्या सिंह 97.4% डीपीएस बर्रा


आरुष त्रिपाठी 96.4% मंटोरा पब्लिक स्कूल


निष्ठा अवस्थी 97.6% मंटोरा पब्लिक स्कूल


श्रेया सिंह 96.6% डीपीएस बर्रा

# 'गंगा प्रहरी' मां गंगा की स्वच्छता का लेंगे संकल्प


कार्यकर्ता को मिष्ठान खिलाते विकास सिंह भोले। अमृत विचार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द युवा समिति के अध्यक्ष विकास सिंह भोले ने अजय सिंह सेंगर के आवास पर गंगा की पुकार कार्यक्रम के सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को ड्योढ़ी घाट, कानपुर में गंगा की पुकार युवा संकल्प 2026 कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ताओं से गंगा प्रहरी के रूप में मां गंगा को गंदा न करने की अपील की जायेगी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपकर अधिक से अधिक संख्या में इस स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने का आह्वाहन किया। इस दौरान विकास सिंह भोले, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय सचान, प्रबल प्रताप, रूप नारायण, अजय सिंह सेंगर, पतारा मंडल अध्यक्ष ओम जी तिवारी, रणविजय सिंह, सचिन शुक्ला, संजय प्रताप सिंह, अंशू तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं पतारा मंडल अध्यक्ष ओम जी तिवारी को विकास सिंह भोले समेत सभी लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के चम्पत निवादा गांव में 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती वाले दिन दो पक्षों में मामूली रूप से कहा सुनी हो गई थी। गुरुवार की देर रात यादव समाज और जाटव समाज में किसी बात को लेकर तकरार बढ़ गई, जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू हो गया। इसमें बगल में ही स्थापित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पत्थर लग गया, जिसके बाद देर रात चम्पत निवादा गांव में भारी बवाल होने की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत की अगुवाई में पुलिस फोर्स पहुंचा था और आरोपियों की धर पकड़ शुरू कर दिया था। हालांकि प्रतिमा के किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त न होने की जानकारी पुलिस ने दी। लेकिन प्रतिमा पर पत्थरों के कुछ निशान जरूर थे। इसके चलते ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जोरदार प्रदर्शन किया था। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। साथ ही भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# गढेवा विकास कार्यों की जांच को पहुंची टीम, परखी गुणवत्ता

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** विकासखंड की गढेवा ग्राम पंचायत में बीते चार वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायत पर बुधवार को जांच टीम धरातल पर उतरी। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने गांव पहुंचकर एक-एक कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

गढेवा ग्राम पंचायत के निवासी रामबाबू, राजन लाल और शिवाकांत ने गत 13 जनवरी को कानपुर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि पिछले 4 वर्षों में ग्राम पंचायत में कराए गए निर्माण और मरम्मत कार्यों में भारी घोटाला किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा एक उच्चस्तरीय तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई। इस टीम में अनिल कुमार पांडे (अधिशासी अभियंता, आरआईडी.), डॉ. एसके सिंह जिला प्रशिक्षण अधिकारी एक अन्य विभागीय सदस्य को शामिल किया गया था। बुधवार को जब टीम गांव पहुंची, तो ग्रामीणों ने एक-एक कर उन जगहों को दिखाया, जहां कागजों पर काम पूरा दिखाया गया था, लेकिन धरातल पर स्थिति विपरीत थी। इस दौरान टीम को तालाबों के सौंदर्यीकरण और खुदाई में अनियमितता मिली। हैंडपंपों के रिबोर और मरम्मत (रिपेयरिंग) के नाम परभी धन का दुरुपयोग दिखाई दिया। नालियों, खंरजों और सड़कों के निर्माण में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया गया। वहीं कई कार्यों में बिना काम कराए ही भुगतान निकाल लेने के आरोप मिले।


ग्रामीण से बातचीत करते टीम के अधिकारी। अमृत विचार

जांच टीम का नेतृत्व कर रहे अधिशासी अभियंता अनिल कुमार पांडे ने बताया कि ग्रामीणों की मौजूदगी में एक-एक बिंदु की बारीकी से जांच की गई है। उन्होंने कहा कि हमने मौके पर जाकर धरातल की वास्तविक स्थिति देखी है। ग्रामीणों की शिकायतों को सुना गया है और उनके आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है। साक्ष्यों और मौके की स्थिति के आधार पर बनाई गई यह रिपोर्ट जल्द ही मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी जाएगी।

# घरों के सर्वे में नहीं मिले मलेरिया, डेंगू के मरीज

संवाददाता, बिल्हौर

- 'संचारी रोग नियंत्रण' एवं 'दस्तक अभियान' के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार।** जनपद में संक्रामक बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए संचालित 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण' एवं 'दस्तक अभियान' के तहत गुरुवार को बिल्हौर क्षेत्र में व्यापक जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह और रीजनल कोऑर्डिनेटर (पाथ) डॉ. शिवकान्त ने बेदीपुर गांव का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिल्हौर का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बुखार के हर मरीज की हो मलेरिया जांच की जाये। गर्भवती महिलाओं की मलेरिया जांच अनिवार्य रूप से की जाए। पॉजिटिव मरीजों को भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 14 दिन का पूर्ण उपचार देने के निर्देश दिए गए। लैब तकनीशियन मन्जेश पटेल को जांच की गुणवत्ता और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बनाए रखने की हिदायत दी गई। साथ ही जांच में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली न करने के निर्देश दिये गये।

टीम ने बेदीपुर गांव के 50 घरों का डोर-टू-डोर सर्वे किया। यहां पर राहत की बात यह रही कि किसी भी घर में मलेरिया या डेंगू का मरीज नहीं मिला। 172 जल-पात्रों (कूलर, गमले, टंकियां) की जांच की गई, जिसमें कहीं भी लार्वा नहीं पाया गया। गांव में नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई पंचायती राज विभाग के माइक्रोप्लान के अनुसार दुरुस्त मिलीं। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घरों पर स्टीकर चिपकाए गए और पंफलेट बांटकर लोगों को बचाव के तरीके बताए गए।

साथ ही उन्होंने कहा कि रुके हुए पानी में जला हुआ मोबिल ऑयल या केरोसीन डालें। साथ ही पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने और मच्छरदानी का प्रयोग करने की बात कही।

## परास में भव्य रामलीला का आयोजन कल

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के परास गांव में श्री पाराशर रामलीला कमेटी द्वारा 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। श्री पाराशर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आदित्य तिवारी (गुड्डू पण्डित) ने बताया कि राम जी की भूमिका में राकेश दीक्षित, लक्ष्मण जी की भूमिका में अमरदीप अवस्थी, परशुराम जी की भूमिका में बाल व्यास पांडे, जनक जी की भूमिका में आशीष चतुर्वेदी, विश्वामित्र की भूमिका में गौरव पांडे, रावण की भूमिका में ओमप्रकाश त्रिवेदी, बाणासुर की भूमिका में अन्नू शुक्ला, व्यास राजू सिंह, तबला वादक ज्वाला महाराज, आदि प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।

**अनदेखी** गड्ढायुक्त मार्ग पर आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं, स्कूली बच्चों को आवागमन में हो रही भारी परेशानी

# तातियागंज-पचोर मार्ग की बदहाली से क्षेत्रवासी परेशान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** हाईवे से जुड़े क्षेत्र के पचोर मार्ग की खस्ता हालत के चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से जहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहीं इसके कारण लूटपाट की आशंका भी रहती है। समस्या को देखते हुए इलाकाई लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करा मार्ग की मरम्मत अविलंब कराए जाने की मांग की है।

मालूम हो कि हाईवे से जुड़े तातियागंज-पचोर संपर्क मार्ग पर वर्षों से मरम्मत कार्य न कराए जाने से मौजूदा समय में मार्ग जर्जर स्थिति में है। इधर विगत कुछ वर्षों के दौरान आरसीएल कंपनी द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे रिंग रोड निर्माण के चलते मार्ग पर दिन रात डंपरों का आवागमन होने से इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। समस्या के बाबत क्षेत्र के तातियागंज गांव निवासी रामनरेश, देवपालपुर के ओमू पांडे, महाराजपुर के बलराम, महेश चौरसिया, हरदासपुर के राम सिंह, मोनू कुशवाहा व पचोर गांव के पूर्व प्रधान पीयूष मिश्रा आदि ने बताया कि प्रमुख मार्ग से क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक गांव के लोगों का प्रतिदिन आवागमन रहता है। इसके अलावा कई विद्यालय स्थित होने से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे इसी रास्ते से आते जाते हैं। गड्ढायुक्त मार्ग होने से दो पहिया वाहन चालक अपनी जान तक गवां चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षतिग्रस्त मार्ग की ओर न तो संबंधित विभाग कोई ध्यान दे रहा और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि कोई रुचि दिखा रहे। समस्या को गंभीरता से लेते हुए लोगों ने मार्ग की मरम्मत यथाशीघ्र कराए जाने की मांग एक बार पुनः दोहराई है।


खराब पड़ी सड़क। अमृत विचार

## दो अपराधी किए गए जिला बदर

**शिवराजपुर।** समाज को भय मुक्त बनाने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कस्बे के दो अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

कस्बे के वार्ड नंबर 7 राजा सती प्रसाद नगर निवासी निर्भय उर्फ निगम यादव पुत्र दिवारी लाल को 3 माह के लिए जिला बदर किया गया है, जबकि उसके भाई अंकित उर्फ मंत्री यादव पुत्र दिवारी लाल के ऊपर 6 माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि यह अपराधी काफी समय से अपराध में लिप्त थे अपराधों में अंकुश लगाने के लिए इनके ऊपर जिला बदर की कार्रवाई की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शिवराजपुर।** थाने में तैनात उप निरीक्षक हिमांशु सिंह द्वारा रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव के मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटनाक्रम के अनुसार बीती 5 अप्रैल को क्षेत्र के अजौली क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था सूचना के बाद थाना पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट में कोमा एंटी-मार्टम हेड इंजरी दर्शाया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि मृतक की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर डाला गया था। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले की छानबीन चल रही है।


**यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०**

कार्यालय महाप्रबन्धक, जोन-5, बाँया तट, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ-226010

ई-मेल:- gmzone5@gmail.com & gm_5@upprojects.org

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के अधीन संचालित पुराने चिकित्सालय में टाइप-1 आवासों की मरम्मत/जीर्णोद्धार का कार्य हेतु इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना सं० 04/UPPCL/GM-5/E-TENDER/2026-27 दिनांक 15.04.2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 23.04.2026 से दिनांक 28.04.2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपराह्न 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट https://upprojects.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है।

पत्रांकः 23/पी.सी.एल./महा0प्र0/जोन-5/ई निविदा-04 दिनांक : 16.04.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

